# अपनी बात

अंक : 466, वर्ष 37

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 मई, 2013

## श्रम का महत्व सबसे बड़ा – सीएमडी

सीसीएल के कथारा क्षेत्र में एक नई परम्परा की शुरुआत करते हुए श्रमिक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सीसीएल में इतने बड़े पैमाने पर श्रमिक दिवस–सह–श्रम सम्मान का आयोजन पहली बार श्री गोपाल सिंह सीएमडी सीसीएल की पहल में हुआ। इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक (तक/संचालन) श्री टी के नाग, निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, संयुक्त सलाहकार संचालन समिति के सदस्य, सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, रमेन्द्र कुमार, हरिशंकर सिंह, एस एन सिंह, राघवन रघुनन्दन, रवीन्द्र प्रसाद सिंह, जी एस पांडे, लखन लाल महतो एवं सीएमओआई के ए के त्रिपाठी और क्षेत्रीय मुख्यमहाप्रबंधक/महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी/अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक–शिक्षिका एवं आमलोग उपस्थित थे।

मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से आये डी ए वी स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि श्री टी के नाग और श्री आर आर मिश्र ने संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

श्री सिंह ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मैं सबसे पहले मेरे अजीज, जिनके बदौलत सीसीएल का अस्तित्व है उन श्रमिकों का आज के समारोह में हृदय से अभिनन्दन करता हूँ एवं उन शहीदों को जिन्होंने कम्पनी के उत्पादन, उत्पादकता एवं उन्नति के लिए अपने प्राण न्योछावर किए उनको नमन करता हूँ। यह एक ऐतिहासिक दिवस है



बच्चों द्वारा कोल इण्डिया के प्रतीकात्मक रूप का सुन्दर प्रस्तुतीकरण



पुरस्कार से सम्मानित उत्साही कर्मी

जिसे प्राप्त करने के लिए श्रमिकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए बलिदान भी देना पड़ा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोयला उद्योग चौतरफा चुनौतियों से जूझ रहा है। आज आवश्यकता है कि हम श्रम की महत्ता को स्वीकारें। जबतक श्रम को उचित सम्मान और महत्व नहीं मिलेगा तबतक कोई भी उद्योग अपने सही मुकाम पर नहीं पहुंच पायेगा। श्री सिंह ने श्रमिक संघों के प्रतिनिधियों की भूरि–भूरि प्रशंसा की और उनका आभार माना। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले डी ए वी स्कूल के बच्चों की सराहना करते हुए श्री सिंह ने कहा कि जीवन में हमारा उद्देश्य बच्चों का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करना है। इस मुद्दे के तहत हर क्षेत्र में माह के अन्तिम रविवार को "बाल विकास योजना" के अन्तर्गत बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। श्री सिंह ने उन ग्रामीणों का हृदय से आभार माना जिन्होंने कोयला खनन के लिए भूमि उपलब्ध कराई। उन्होंने आयोजकों को इस शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## संयुक्त सलाहकार संचालन समिति की बैठक संपन्न



संयुक्त सलाहकार संचालन समिति की बैठक का एक दृश्य

विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ 28 मई, 2013 को सीसीएल मुख्यालय स्थित 'कोयला कक्ष' में सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह की अध्यक्षता में संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न मुद्दों जैसे – ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास, सिविल संबंधी कल्याणकारी कार्यों की समीक्षा–, आवासों, सड़क की मरम्मती, नई खदान खोलने हेतु प्रस्ताव, वर्तमान वित्तीय वर्ष के उत्पादन, प्रेषण, जमीन के बदले नौकरी सुनिश्चित करने, मेडिकल के अर्न्तगत अनफिट कर्मियों को नौकरी देने, पेयजल, सभी अस्पतालों में समुचित मात्रा में दवा की आपूर्ति सुनिश्चित करने, खदान कर्मियों को काम के प्रति प्रेरित करने एवं अन्य विषयों पर आपसी विचार विमर्श किया गया और आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, मुख्य महाप्रबंधक (संचालन) श्री आर पी ठाकुर, महाप्रबंधक (कार्मिक/औ.सं.) श्री के एस पात्रा तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे जबकि श्रमिक संघों की ओर से सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, कन्हैया दुबे, गिरिजा शंकर पांडे, एम डी विश्वकर्मा, बद्री सिंह, रमेन्द्र कुमार, अशोक यादव, लखन लाल महतो, एस.एन.सिंह, ललन प्रसाद सिंह, राघवन रघुनन्दन तथा आर पी सिंह तथा सी एम ओ ए आई के श्री ए. के. त्रिपाठी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री गोपाल सिंह ने कहा कि सीसीएल में गुणवत्तायुक्त कोयले का प्रचुर भंडार है तथा संसाधन का भरपूर उपयोग करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष के आरंभ से कंपनी सही दिशा में अग्रसर है। जे सी एस सी एक परिपक्व संचालन समिति है। समस्याओं के निराकरण हेतु संस्था में क्षमता है। सीसीएल पारदर्शिता और सामूहिक निर्णय पर विश्वास करती है। बैठक में श्री सिंह ने कम्पनी के कार्यनिष्पादन, कोयला उत्पादन, ओवर बर्डेन निकासी, प्रेषण एवं अन्य कार्यकलापों, वाशरियों के कार्य–निष्पादन की जानकारी सदस्यों को दी। बैठक में श्री सिंह ने सभी समस्याओं का सकारात्मक ढंग से नियम कानून के तहत निदान करने का निर्देश दिया।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने स्वागत भाषण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रबंधन जेसीएससी के सदस्यों के सहयोग से कम्पनी के हर लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करेगी, इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने जेसीएससी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि बैठक में विचार विमर्श काफी सार्थक एवं सकारात्मक रहा।

जेसीएससी सदस्यों ने कार्यक्षेत्र में और बेहतर कार्य वातावरण बनाने हेतु अनेक सकारात्मक सुझाव दिए तथा कार्यस्थल पर अनुशासन के पालन पर विशेष बल दिया। जे सी एस सी की बैठक अब प्रत्येक महीने आयोजित की जायगी।

## 280 व्यक्तियों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया

सी.सी.एल. के सीएसआर के तहत कम्पनी द्वारा गोद लिए गए गांव लुपुंगटोली में 4 मई 2013 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 105 व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। बच्चों को विटामिन ए की दवाई दी गई। महिलाओं तथा लड़कियों में आइरन की गोली बांटी गई। शिविर में डा. मंजु मिश्रा, डा. हेमंत केरकेटा एवं डा. अनीता ने मरीजों की जांच की। ऐसा ही एक स्वास्थ्य शिविर सीसीएल द्वारा गोद लिए गाँव सेमर टोली में भी आयोजित किया गया जिसमें 175 व्यक्तियों की स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में आये 40 बच्चों को हिपेटाइटिस–बी की दवाई दी गई।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)